महत्वपूर्ण एवं खास

गांजा तस्करी करते युवक गिरफ्तार, 4 किलो 5 सौ ग्राम मादक पदार्थ गांजा जब्त

रायपुर (आरएनएस)। गांजा तस्करी के सूचना पर मंदिर हसौद पुलिस ने छेरीखेड़ी पुलिया के पास घेराबंदी करके दलदल सिवनी एकता चौक मोवा निवासी नागेश्वरी निर्मलकर 20 वर्ष पिता चोवाराम निर्मलकर को प्लास्टिक की बोरी में 4 किलो 5 सौ ग्राम मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने नार्कोटिक्स 20 बी के तहत गांजा तस्करी करने के जुर्म में कानूनी कार्यवाही कर जेल भेज दिया है।

सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार की मौत, अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मर्ग कायम

रायपुर (आरएनएस)। मोटरसाइकिल से जा रहे युवक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिसके चलते घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर धारा 304 ए के तहत अपराध कायम कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सिर्री खरोरा मेनरोड के पास मोटरसाइकिल से जा रहे त्रिलोचन वर्मा 36वर्ष पिता सेवकराम वर्मा निवासी देवरतिल्दा को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में लिया, जिसके चलते घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक के साथी चन्द्रहास वर्मा 32 वर्ष पिता डोमान सिंह ने घटना के संबंध में खरोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। व अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 के तहत अपराध कायम कर जांच में लिया है।

बौखलाए नक्सलियों ने आत्मसमर्पण को कहा गुलामी

दतेवाड़ा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के दतेवाड़ा जिला पुलिस को मिल रही सफलता से नक्सली बौखलाए हुए हैं। और जिस प्रकार नक्सलियों के बड़े लीडर शासन द्वारा चलाई जा रही पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण कर रहे हैं। इसके विरोध में लगातार नक्सलियों के द्वारा किये जा रहे आत्मसमर्पण से नक्सली दल बौखलागए हैं। उन्होंने बचेली बंगाली कैंप के पास बैनर पोस्टर फेंक कर इस बात से नाराजगी जाहिर की हैं और कहा की आत्मसमर्पण गुलामी के समान हैं। फेके गए पोस्टर में पीएलजीए की 19 वीं वर्षगांठ 2 से 8 दिसंबर तक क्रांतिकारी उत्सव मनाने का ऐलान भी किया गया हैं।

नर्सरी में मिली अधेड़ की लाश

महासमुंद (आरएनएस)। नयापारा अटल आवास स्थित नर्सरी में शुक्रवार सुबह 8 बजे एक व्यक्ति की लाश मिली। मृतक की पहचान वार्ड 11 निवासी पीसी सोनी के रूप में हुई। वह रिक्शा चालक था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

सिर्री में धान खरीदी केन्द्र का शुभारम्भ किया प्रभारी मंत्री ने

धमतरी (आरएनएस)। प्रदेश के वाणिज्यिक कर एवं उद्योग व वाणिज्य मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने आज कुरूद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सिर्री में नवीन धान खरीदी केन्द्र का शुभारंभ इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन और धान की पूजा-अर्चना कर किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि कुरूद ब्लॉक का बड़ा ग्राम होने के नाते यहां धान खरीदी केन्द्र का होना बेहद जरूरी था। इसके शुभारंभ होने से निश्चित तौर पर ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। मंत्री लखमा ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों का धान 2500 रूपए की दर से खरीदेगी। आज से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू कर दी गई है और किसान अपनी मेहनत की पैदावार को बिना किसी असमंजस के केन्द्रों में बेच सकते हैं।

मुख्यमंत्री धान खरीदी के प्रथम दिन पहुंचे औंधी और जामगांव एम के धान खरीदी केंद्र

» धान खरीदी का लिया जायज : परखी धान की गुणवत्ता » किसानों की सुविधा का ध्यान रखने के निर्देश » किसानों और हमलों से हालचाल पूछा

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के आज प्रथम दिन दुर्ग जिले के पाटन विकासखंड की सहकारी समिति औंधी और जामगांव एम पहुंचे। उन्होंने धान खरीदी के पहले दिन केंद्र का निरीक्षण किया। स्थानीय किसान श्रोणित चंद्राकर का धान बिक रहा था। किसानों और हमालों से मिलकर उनका हालचाल पूछा। बघेल ने किसानों से कहा आपके लिए खरीदी केंद्रों में जरूरी सुविधाएं देखने आया हूँ। आपकी सभी सुविधाओं का सरकार ध्यान रखेगी।

खुशनुमा माहौल में किसानों ने कहा, मुख्यमंत्री भी हमारी खरीदी की व्यवस्था देखने आए हैं यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। जामगांव एम में किसान तोखनलाल वर्मा का धान खुद मुख्यमंत्री ने तौला।

सरना प्रजाति का था धान, रगड़कर मुख्यमंत्री ने देखा कहा इसकी गुणवत्ता अच्छी

कलेक्टर अंकित आनंद ने व्यवस्था की जानकारी देते हुये बताया कि टोकन दिए जा चुके हैं। खरीदी की उत्तम व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग हो

रही है।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को धान खरीदी के लिए सभी जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए है। उन्होने कहा है कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो और खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध कराया जाएं। उल्लेखनीय है कि राज्य के सभी जिलों में धान का उपार्जन छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) द्वारा किया जा रहा है। खरीफविपणन वर्ष 2019-20 में धान की खरीदी वर्ष 2018-19 में संचालित एक हजार 995 खरीदी केन्द्रों सहित इस वर्ष प्रारंभ किए गए 33 नवीन खरीदी केन्द्रों में की जाएगी। प्रदेश में 48 मंडियों एवं 76 उपमंडियों के प्रांगण का उपयोग विगत खरीफ विपणन वर्ष के अनुसार धान उपार्जन केन्द्र के लिए किया जाएगा। वर्तमान खरीफवर्ष 2019-20 में प्रदेश के 19 लाख 56 हजार किसानों ने पंजीयन करा लिया है, जो गत वर्ष पंजीकृत किसानों की संख्या 16 लाख 97 हजार से दो लाख 58 हजार ज्यादा है। राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 के दौरान राज्य के किसानों से नगद व लिंकिंग में धान की खरीदी एक दिसम्बर से 15 फरवरी 2020 तक की जाएगी। खरीफवर्ष 2019-20 में प्रदेश के किसानों से धान खरीदी की अधिकतम सीमा 15 क्विंटल प्रति एकड़ लिंकिंग सहित निर्धारित की गई है। खरीफवर्ष 2019-20 में राज्य के किसानों से 85 लाख मैट्रिक टन धान उपार्जन अनुमानित है।

तेज रफ्तार ट्रक ने तीन गायों को लिया अपनी चपेट में, मौत

» ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। सड़क किनारे बैठे तीन मवेशियों को तेज रफ्तार ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। जिसके चलते घटनास्थल पर ही मवेशियों की मौत हो गई। मिली जानकारी जोरापारा डीडीनगर निवासी राजा नेताम 26वर्ष पिता शारदा नेताम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि

शनिवार को रिंगरोड-1 जायका आटो के सामने तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक 22 एम 5102 का चालक ने सड़क किनारे बैठे तीन गाय को अपनी चपेट में ले लिया। जिसके चलते घटनास्थल पर ही तीनों गायों की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

बिलासपुर में मिला लापता किशोर

कोरबा (आरएनएस)। वार्ड क्रमांक 21 बुधवारी से विगत 27 नवंबर को सुबह से लापता हुआ किशोर बिलासपुर में अपने एक रिश्तेदार के यहां मिल गया। जिसके बाद उसे कल सीएसईबी पुलिस ने दस्तयाब कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवारी से एक 17 वर्षीय किशोर उपरोक्त तारीख को सुबह घर से निकलने के बाद लापता हो गया था। परिजन दो दिन खोजबीन करते रहे, जिसके बाद इस मामले में सीएसईबी पुलिस गुम इंसान क्रमांक 169/19 के तहत मामला दर्ज किया गया था इसके अलावा किशोर के 18 वर्ष से कम होने के कारण इस प्रकरण को अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 363 भादवि के तहत अपहरण का मामला दर्ज किया गया है। चूंकि लापता किशोर सकुशल अपने चाचा के यहां बिलासपुर में मिल गया। इसलिए इस मामले में खात्मा डालने की कार्रवाई सीएसईबी पुलिस द्वारा की जा रही है।

अनियंत्रित होकर स्कार्पियो पलटी, माँ-बेटे की मौत

» एक ही परिवार के 6 लोग घायल

बलरामपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग के बलरामपुर में रविवार सुबह एक बड़ी सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई और स्कॉर्पियो में सवार एक ही परिवार के 6 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें घायल अवस्था में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है लगातार हो रहे इन सड़क हादसों की वजह तेज रफ्तार और अनियंत्रित पूर्वक वाहन चलाना बताया जा रहा है कुछ महीनों से राज्य में सड़क हादसों की ज्यादा घटनाएं हुई है।

घटना एनएच 343 पर राजपुर गांव के पास हुए दर्दनाक हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई और 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि सभी लोग एक ही परिवार के हैं और शादी समारोह से लौट रहे थे। हादसे से घायलों को उपचार के लिए राजपुर अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज आगे की कार्रवाई कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार एक परिवार अपने रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने गए थे। शादी से लौटते वक्त उनकी गाड़ी एनएच 343 पर अनियंत्रति होकर पलट गई। हादसे में स्कॉर्पियो में सवार 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और मां-बेटे की मौत हो गई।

कोटक महेंद्रा बैंक में नौकरी लगाने के बहाने झांसा देकर ओटीपी नंबर मांगा, खाते से 70,597 रुपये पार

» मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। कोटक महेंद्रा बैंक में नौकरी लगाने का झांसा देकर महिला के खाते से हजारों रुपये निकाल लेने की रिपोर्ट राजेंद्र नगर थाने में दर्ज की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार मारूति रेसीडेंसी अमलीडीह निवासी ऋचा गुप्ता 26 वर्ष पिता प्रमोद गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 30 नवंबर को प्रार्थियां के मोबाइल नंबर पर अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल फोन क्रमांक 88027 23523 मोबाइल नंबर से कॉल करके स्वयं को कोटेक महेंद्रा बैंक से होना बताकर प्रार्थियां को 12 हजार रुपये महीने पर नौकरी देने की बात कहकर एसबीआई बैंक व डेविड कार्ड एवं कागजात व ओटीपी नंबर को लिंक भेजकर सम्मित करने को कहा। प्रार्थियां ने जैसे ही लिंक पर ओटीपी नंबर व अपनी जानकारी भेजते ही प्रार्थियां व उसके मां के खाते से 70 हजार 5 सौ 97 रुपये कट गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मोबाइल फोन धारक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने में कम मूल्य पर हो रही खरीदी, गन्ने की अनियमित निकासी पर रोक नहीं-भुवाल

रायपुर (आरएनएस)। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने राम्हेपुर कवर्धा जिला कबीरधाम में गन्ने की पर्ची निकालने में अनियमितता एवं कम दरों पर गन्ना खरीदी कर जिम्मेदारों द्वारा भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। न्यायालय के आदेश के बावजूद भी अब तक कार्यवाही का नहीं होना किसानों के हित में नहीं है। सहकारिता आम चुनाव 2017 में संस्था के पंजीकृत 43 सदस्यों (वर्गख) को मतदान में शामिल नहीं कर अनुपस्थित दर्शाकर निर्वाचन अधिकारी ने अपनी मनमर्जी सदस्यों पर लादकर गन्ना किसानों की बात को अनसुनी किया है। 3 नवंबर 2017 में भोरमदेव शक्कर कारखाना एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल शक्कर कारखाना के कार्य क्षेत्र में विभाजन हुआ। जिसमें 05/14 निर्वाचित संचालक भोरमदेव शक्कर कारखाना से परिवर्तित होकर संस्था से प्राथमिक सदस्या खो चुके हैं साथ ही संचालक बोर्ड में रिक्त पांच पदों पर अब तक निर्वाचन न होना संपूर्ण प्रक्रिया को गलत साबित करता है। यह आरोप प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में संचालक सहकारी सेवा समिति नवागढ़, बेमेतरा, जितेन्द्र सिंह भुवाल ने लगाया। पत्रकारवार्ता में भुवाल ने बताया कि उक्त मामले में भारतीय किसान संघ जिला कबीरधाम के अध्यक्ष दानेश्वर सिंह परिहार ने भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना में पर्ची जारी करने में कारखाना प्रबंधन द्वारा पैसे का लेनदेन कारखाना के डायरेक्टरों द्वारा नियम विरूद्ध दो हजार अतिरिक्त पर्ची निकालकर कम रेट में गन्ना खरीदी एवं बिक्री से संबंधित पत्र न्यायालय अपर कलेक्टर जिला कबीरधाम को दिया था। उक्त मामले में अपर कलेक्टर ने संपूर्ण प्रक्रिया की जांच के उपरांत गन्ना पर्ची की अवैध निकासी के संबंध में लगाए गए आरोप प्रमाणित पाए। इसके बावजूद भी सहकारिता मंत्री द्वारा मामले में कार्यवाही नहीं करना हजारों किसानों के हितों पर कुठाराघात है।

चार लोगों को निशाना बनाया मधुमक्खियों ने, दो गंभीर

कोरबा (आरएनएस)। मधुमक्खियों के हमले में चार ग्रामीण जख्मी हो गए। इनमें से दो की स्थिति असामान्य बनी हुई है। संबंधितों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों की निगरानी में उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर बरतराई गांव में यह घटना आज सुबह हुई। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत कुटेश्वर नगोई पंचायत का आश्रित गांव बरतराई है, जहां ये लोग हमले का शिकार हुए। बताया गया कि गांव के एक हिस्से में मधुमक्खियों का छत्ता काफी समय से मौजूद है। इससे पहले इस स्थान पर ऐसी कोई हरकत नहीं हुई, जिससे लोग भयभीत होते। पता चला कि आज सुबह एकाएक परिस्थितियां बदली और झुंड से मधुमक्खियों ने मंडराना शुरू कर दिया। छत्ते के नजदीक रहने वाले एक परिवार के चार लोग मधुमक्खियों के शिकार हो गए। उन पर कई हमले किए गए।

हाईटेंशन करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

कोरबा (आरएनएस)। जिले के भीतर न ही कोयला चोरी के मामले थम रहे हैं और न ही इन चोरी की वजह से हो रही मौतों का सिलसिला। नया मामला कुसमुंडा थाना इलाके के गेवरा क्षेत्र का है। रविवार को यहां कोयला चोरी करने मालगाड़ी के ऊपर चढ़े करीब आधा दर्जन युवकों में से एक ऊपर से गुजरे हाईटेंशन ओ एच ई की चपेट में आ गया। करंट का झटका इतना जोरदार था कि उसकी मौत हो गई। मृतक का शव मालगाड़ी के साथ ही गेवरा स्टेशन आ पहुंचा। इसकी सूचना जैसे ही स्टेशन मास्टर को मिली उन्होंने मालगाड़ी को रुकवाया और शव को अस्पताल रवाना कराया, लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण पश्चात उसे मृत घोषित कर

दिया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक गेवरा बस्ती के धरमपुर क्षेत्र का रहने वाला भरत दास पिता नवल दास 32 वर्ष अपने पांच-छह दोस्तो के साथ सोनी ढाबा के पीछे स्थित रेललाइन से गुजर रहे मालगाड़ी में कोयले की चोरी करने चढ़ा हुआ था, तभी वह ऊपर से गुजरे हाईटेंशन ओएचई की चपेट में आ गया और वह वही निढाल हो गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक नीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

लधु वनोपज आधारित ट्रायबल लाईवलीहुड का प्रकल्प भेजे-केन्द्रीय सचिव दीपक खाड़ेकर

» विशेष केन्द्रीय सहायता संविधान के अनुच्छेद 275(1) तथा विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (पीवीटीजी) स्कीम की समीक्षा

रायपुर। केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के सचिव दीपक खाड़ेकर ने आज छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान रायपुर के नवीन विश्राम गृह के सभाकक्ष में भारत सरकार द्वारा विशेष केन्द्रीय सहायता संविधान के अनुच्छेद 275(1) तथा विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (पीवीटीजी) स्कीम में केन्द्र सरकार द्वारा विगत वर्षो में दी गई सहायता राशि के तहत राज्य में हुए कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने लधु वनोपज आधारित आजिविका के लिए कार्य करने वालों की दक्षता बढ़ाने हेतु ट्रायबल लाईवलीहुड का प्रकल्प का प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए।

बैठक में छत्तीसगढ़ शासन के सचिव आदिम जाति एवं अनुसूचित विकास डी.डी. सिंह, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुनील मिश्रा, प्रबंध संचालक लधु वन उपज संध संजय शुक्ला, आदिम जाति एवं अनुसूचित विकास विभाग के संयुक्त सचिव डी.डी. कुजांम, उपायुक्त द्वय संजय गौर, प्रज्ञान सेठ एवं कार्यक्रम उप संचालक अनुपम त्रिवेदी भी उपस्थित थे।

बैठक में वनअधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त वन अधिकार के अभिलेख के संघारण पर विशेष बल दिया गया। खाड़ेकर ने सुझाव दिया कि वन, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और आदिम जाति एवं जनजाति विकास विभाग की संयुक्त समिति बनाकर क्रियान्वयन में आ रही विभिन्न समस्याओं को दूर किया जाए। वन अधिकार मान्यता पत्र के निरस्त व्यक्तिगत दावों पर पुर्नविचार करने के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करने कहा।

अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुनील मिश्रा ने बताया कि राज्य में लगभग 5 हजार 569 दावों को केएमएल (डिजिटल फाइल) तैयार कर भारतीय वन सर्वेक्षण संस्थान को उपलब्ध करायी गई है। केन्द्रीय सचिव ने समीक्षा के दौरान यह भी कहा कि वन अधिकार अधिनियम के तहत विभिन्न दास्तावेजीकरण के लिए भारत सरकार के द्वारा प्रस्ताव प्राप्त होने पर विचार कर सहायता दी जा सकती है। उन्होंने निरस्त सामूहिक दावों की समीक्षा करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। केन्द्रीय सचिव ने सुझाव दिया कि ट्रायबल लाईवलीहुड के लिए एक प्रकल्प का प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए केन्द्र को भेजे।